SET – 2

Series : ONS/2

कोड नं.
Code No. 61/2/2

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

इतिहास

HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घंटे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

सामान्य निर्देश :

(1) ***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न संख्या **1** से **3** **दो** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(3) प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । परीक्षार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

*(4) प्रश्न संख्या **10** मूल्य आधारित प्रश्न **अनिवार्य** है, यह प्रश्न भी **चार** अंक का है ।*

(5) *प्रश्न संख्या **11** से **13** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(6) *प्रश्न संख्या **14-16** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

(7) *प्रश्न संख्या **17** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । परीक्षार्थियों को मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के अन्दर नत्थी करना चाहिए ।*

General Instructions :

(1) *Answer **all** the questions. Some questions have choice. Marks are indicated against each question.*

(2) *Answer to questions no. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(3) *Answer to questions no. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words. Students should attempt only **5** questions in this section.*

(4) *Question **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory** question.*

(5) *Answer to questions **11** to **13** carrying **8** marks should not exceed **350** words.*

(6) *Questions **14 -16** are sources based questions and have no internal choice.*

(7) *Question **17** is a Map question includes 'identification' and 'significant' test items. Attach the map with the answer sheet.*

खण्ड – क

PART – A

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 3 = 6$**

Answer **all** the questions given below :

1. ई. 5वीं से 7वीं शताब्दियों के दौरान चीनी बौद्ध तीर्थयात्रियों ने भारत में अस्पृश्यों की दशा का वर्णन किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए । **2**

Explain how the Chinese Buddhist pilgrims described the conditions of untouchables in India during 5th to 7th centuries CE.

2. 1813 की पाँचवीं रिपोर्ट के एक सकारात्मक और एक नकारात्मक पहलू का विश्लेषण कीजिए । **2**

Analyse one positive and one negative aspect of Fifth Report of 1813.

3. अल-बरूनी द्वारा लिखित पुस्तक का नाम लिखिए । उसने भारतीय जाति व्यवस्था की मान्यता को अस्वीकार क्यों किया ? एक कारण लिखिए । **1 + 1 = 2**

Name the book authored by Al-Baruni. Why did he disapprove the notion of the Indian caste system ? Give one reason.

खण्ड – ख

PART – B

अनुभाग – I

SECTION – I

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 5 = 20**

Answer any **five** of the following questions :

4. विजयनगर शासकों ने विरुपाक्ष मंदिर की एक विशिष्ट प्रकार की स्थापत्य कला में नवप्रवर्तन और विकास किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain how did Vijayanagara rulers innovate and develop a distinctive type of architecture in the Virupaksha temple.

5. "महाभारत लोगों की सोच और प्रवृत्ति पर अंतर्दृष्टि दर्शाता है ।" कथन को सिद्ध कीजिए । **4**

"Mahabharata provides an insight into the peoples thinking and attitude." Substantiate the statement.

6. गुरु नानक देव ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए । **4**

How has Guru Nanak Dev advocated nirguna form of bhakti ? Explain.

7. हड़प्पा सभ्यता के निर्वाह के तरीकों का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the subsistence strategies of Harappa civilization.

8. '1857 के विद्रोह को कुचलना अंग्रेजों के लिए आसान साबित नहीं हुआ ।' कथन की पुष्टि कीजिए । **4**

'Britishers did not have an easy time in putting down the rebellion of 1857.' Support the statement.

9. 1946 के कैबिनेट मिशन के प्रस्तावों की आलोचनात्मक परख कीजिए । **4**

Critically examine the proposals of the Cabinet Mission of 1946.

अनुभाग – II

SECTION – II

मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)

Value Based Question (Compulsory)

10. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए : **4**

Read the following passage and answer the question that follows :

संविधान सभा उन लोगों की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का साधन मानी जा रही थी जिन्होंने स्वतंत्रता के आंदोलनों में हिस्सा लिया था । लोकतंत्र, समानता तथा न्याय जैसे आदर्श उन्नीसवीं सदी के भारत में सामाजिक संघर्षों के साथ गहरे तौर पर जुड़ चुके थे ।

सामाजिक संघर्ष का सफल अभिप्राय लोकतंत्र, समानता के साथ सामाजिक न्याय के भाव को किस प्रकार जोड़ता है ? इसी संदर्भ में प्रासंगिक मूल्यों पर प्रकाश डालिए ।

The Constitution Assembly was expected to express the aspirations of those who had participated in the movement for independence. Democracy, equality and justice were ideals that had become intimately associated with social struggles in India since the nineteenth century.

How could the social struggles have the successful ends with their intertwined values of democracy, equality along with social justice ? Throw light on the values mentioned in the relevance to the context.

खण्ड – ग

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

PART – C

(Long Answer Questions)

नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **8 × 3 = 24**

Answer **all** the questions given below:

11. 'गांधीजी ने 1920 के असहयोग आंदोलन द्वारा भारतीय राष्ट्रवाद को परिवर्तित कर दिया ।' कथन के पक्ष में तर्क दीजिए । **8**

अथवा

"गांधीजी ने अंग्रेजों को गहरे तौर पर बेचैन कर दिया ।" 1930 की नमक यात्रा के संदर्भ में इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

"Gandhiji transformed Indian nationalism through Non-Cooperation Movement of 1920." Give arguments to support the statement.

OR

"Gandhiji had made the Britishers desperately anxious." Explain the statement in the context of Salt March of 1930.

12. मुगल साम्राज्य की इतिवृत्तियों से हमें किस प्रकार उनके शाही हरम की झलक मिलती है ? स्पष्ट कीजिए । **8**

अथवा

मुगल दरबार की भौतिक व्यवस्था के आकर्षक पहलुओं को स्पष्ट कीजिए ।

How does chronicles of Mughal Empire give us the glimpses into the imperial harems of the Mughal Empire ? Explain.

OR

Explain the fascinating dimensions of the physical arrangements of the Mughal court.

13. महायान बौद्ध मत के विकास का वर्णन कीजिए । बुद्ध ने समाज को धर्म या सम्यक जीवनयापन की शिक्षा किस प्रकार दी ? स्पष्ट कीजिए । **3 + 5 = 8**

अथवा

साँची स्तूप के विशिष्ट पहलुओं की व्याख्या कीजिए ।

Explain the development of Mahayana Buddhism. How did Buddha teach the path of righteous living or dhamma to the society ? Elaborate.

OR

Explain the distinctive aspects of Sanchi Stupa.

खण्ड – घ

PART – D

(स्रोत आधारित प्रश्न)

(Source Based Questions) **$3 \times 7 = 21$**

14. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत में चाँदी कैसे आई ?

जोवान्नी कारेरी के लेख (बर्नियर के लेख पर आधारित) के निम्नलिखित अंश से हमें पता चलता है कि मुग़ल साम्राज्य में कितनी भारी मात्रा में बाहर से धन आ रहा था :

(मुग़ल) साम्राज्य की धन-संपत्ति का अंदाज़ा लगाने के लिए पाठक इस बात पर गौर करें कि दुनिया भर में विचरने वाला सारा सोना-चाँदी आखिरकार यहीं पहुँच जाता है । ये सब जानते हैं कि इसका बहुत बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है, और यूरोप के कई राज्यों से होते हुए, (इसका) थोड़ा-सा हिस्सा कई तरह की वस्तुओं के लिए तुर्की में जाता है; और थोड़ा-सा हिस्सा रेशम के लिए स्मिरना होते हुए फ़ारस पहुँचता है । अब चूँकि तुर्की लोग कॉफ़ी से अलग नहीं रह सकते, जो कि ओमान और अरबिया से आती है..... (और) न ही फ़ारस, अरबिया और तुर्की (के लोग) भारत की वस्तुओं के बिना रह सकते हैं । (वे) मुद्रा की विशाल मात्रा लाल सागर पर बेबल मंडेल के पास स्थित मोचा भेजते हैं; (इसी तरह वे ये मुद्राएँ) फ़ारस की खाड़ी पर स्थित बसरा भेजते हैं; ..... बाद में ये (सारी संपत्ति) जहाज़ों से इन्दोस्तान (हिंदुस्तान) भेज दी जाती है । भारतीय जहाज़ों के अलावा जो डच, अंग्रेज़ी और पुर्तगाली जहाज़ हर साल इंदोस्तान की वस्तुएँ लेकर पेगू, तानस्सेरी (म्यांमार के हिस्से), स्याम (थाइलैंड), सीलोन (श्रीलंका)..... मालदीव के टापू, मोज़ाम्बीक़ और अन्य जगहें ले जाते हैं, (इन्हीं जहाज़ों को) निश्चित तौर पर बहुत सारा सोना-चाँदी इन देशों से लेकर वहाँ (हिंदुस्तान) पहुँचाना पड़ता है । वो सब कुछ, जो डच लोग जापान की खानों से हासिल करते हैं, देर-सवेर इंदोस्तान (को) चला जाता है; और यहाँ से यूरोप को जाने वाली सारी वस्तुएँ, चाहे वो फ्रांस या इंग्लैंड या पुर्तगाल, सभी नकद में खरीदी जाती हैं, जो (नकद) वहीं (हिंदुस्तान में) रह जाता है ।

(14.1) इन साम्राज्यों की राजनीतिक स्थिरता ने व्यापार का जीवंत जाल बिछाने में किस प्रकार मदद की ? **2**

(14.2) इटली के उस यात्री का नाम लिखिए, जिसने चाँदी के मुगल शासन में आने का सजीव चित्रण किया । देशों के बीच किन वस्तुओं का व्यापार किया जाता था ? **$1 + 2 = 3$**

(14.3) मुगल साम्राज्य में सोने-चाँदी के लेन-देन ने पैसों के प्रचलन को किस प्रकार प्रोत्साहित किया ? **2**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follows :

How Silver came to India ?

This excerpt from Giovanni Careri's account (based on Bernier's account) gives an idea of the enormous amount of wealth that found its way into the Mughal Empire :

That the Reader may form some idea of the Wealth of this (Mughal) Empire, he is to observe that all the Gold and Silver, which circulates throughout the World at last Centres here. It is well known that as much of it comes out of America, after running through several kingdoms of Europe, goes partly into Turky (Turkey), for several sorts of commodities; and part into Persia, by the way of Smirna for Silk. Now the Turks not being able to abstain from Coffee, which comes from Hyeman (Oman), and Arabia … nor Persia, Arabia, and the Turks themselves to go without the commodities of India, send vast quantities of Mony (money) to Moka (Mocha) on the Red Sea, near Babel Mandel; to Bassora (Basra) at the bottom of the Persian Gulgh (Gulf); … which is afterwards sent over in Ships to Indostan (Hindustan). Besides the Indian, Dutch, English, and Portuguese ships, that every year carry the commodities of Indostan, to Pegu, Tanasserri (parts of Myanmar), Siam (Thailand), Ceylon (Sri Lanka)… the Maldive Islands, Mozambique and other Places, must be necessity convey much Gold and Silver thither, from those Countries. All that the Dutch fetch from the Mines in Japan, sooner or later, goes to Indostan; and the goods carry'd hence into Europe, whether to France, England, or Portugal, are all purchas'd for ready Mony, which remains there.

(14.1) How did the political stabillity in these empires help to create vibrant trade ? **2**

(14.2) Name the Italian traveller who had accounted for the travel of silver in the Mughal empire. Which commodities were traded between the countries ? **1 + 2 = 3**

(14.3) How did the transaction of gold and silver facilitate circulation of money into the Mughal Empire ? **2**

15. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

दिनाजपुर के जोतदार

बुकानन ने बताया है कि उत्तरी बंगाल के दिनाजपुर ज़िले के जोतदार किस प्रकार ज़मींदार के अनुशासन का प्रतिरोध और उसकी शक्ति की अवहेलना किया करते थे :

भूस्वामी इस वर्ग के लोगों को पसंद नहीं करते थे, लेकिन यह स्पष्ट है कि इन लोगों का होना बहुत ज़रूरी था क्योंकि इनके बिना, ज़रूरतमंद काश्तकारों को पैसा उधार कौन देता.....

जोतदार, जो बड़ी-बड़ी ज़मीनें जोतते हैं, बहुत ही हठीले और जिद्दी हैं और यह जानते हैं कि ज़मींदारों का उन पर कोई वश नहीं चलता । वे तो अपने राजस्व के रूप में कुछ थोड़े से रुपये ही दे देते हैं और लगभग हर किस्त में कुछ-न-कुछ बक़ाया रक़म रह जाती है । उनके पास उनके पट्टे की हकदारी से ज़्यादा ज़मीनें हैं । ज़मींदार की रक़म के कारण, अगर अधिकारी उन्हें कचहरी में बुलाते थे और उन्हें डराने-धमकाने के लिए घंटे-दो-घंटे कचहरी में रोक लेते हैं तो वे तुरंत उनकी शिकायत करने के लिए फ़ौजदारी थाना (पुलिस थाना) या मुन्सिफ़ की कचहरी में पहुँच जाते हैं और कहते हैं कि ज़मींदार के कारिंदों ने उनका अपमान किया है । इस प्रकार राजस्व की बक़ाया रक़मों के मामलें बढ़ते जाते हैं और जोतदार छोटे-छोटे रैयत को राजस्व न देने के लिए भड़काते रहते हैं.....

(15.1) उत्तर बंगाल में दीनाजपुर के जोतदारों ने प्रतिरोध क्यों किया ? **2**

(15.2) जोतदारों और जमींदारों के बीच के संघर्ष के मामलों का उल्लेख कीजिए । **2**

(15.3) उन तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा जोतदार जमींदारों के अनुशासन का प्रतिरोध और अवहेलना करते थे । **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follows :

Jotedar of Dinajpur

Buchanan described the ways in which the *jotedars* of Dinajpur in North Bengal resisted being disciplined by the zamindar and undermined his power : Landlords do not like this class of men, but it is evident that they are absolutely necessary, unless the landlords themselves would advance money to their necessitous tenantry… The *jotedars* who cultivate large portions of lands are very refractory, and know that the zamindars have no power over them. They pay only a few rupees on account of their revenue and then fall in balance almost every *kist* (instalment), they hold more lands than they are entitled to by their *pottahs* (deeds of contract). Should the zamindar's officers, in consequence, summon them to the *cutcherry*, and detain them for one or two hours with a view to reprimand them, they immediately go and complain at the *Fouzdarry Thanna* (police station) for imprisonment and at the munsiff's (a judicial officer at the lower court) *cutcherry* for being dishonoured and whilst the causes continue unsettled, they instigate the petty *ryots* not to pay their revenue consequently …

(15.1) Why did the jotedars of Dinajpur in North Bengal resist ? **2**

(15.2) Mention the issues of conflict between jotedars and zamindars. **2**

(15.3) State the ways through which the jotedars resisted the authority of the zamindars. **3**

16. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

राजा की वेदना

जब देवानामपिय पियदस्सी ने अपने शासन के आठ वर्ष पूरे किए, तो उन्होंने कलिंग (आधुनिक तटवर्ती उड़ीसा) पर विजय प्राप्त की । डेढ़ लाख पुरुषों को निष्कासित किया गया; एक लाख मारे गए और इससे भी ज्यादा की मृत्यु हुई । कलिंग पर शासन स्थापित करने के बाद देवानामपिय धम्म के गहन अध्ययन, धम्म के स्नेह और धम्म के उपदेश में डूब गए हैं । यही देवानामपिय के लिए कलिंग की विजय का पश्चाताप है । देवानामपिय के लिए यह बहुत वेदनादायी और निंदनीय है कि जब कोई किसी राज्य पर विजय प्राप्त करता है तो पराजित राज्य का हनन होता है, वहाँ लोग मारे जाते हैं, निष्कासित किए जाते हैं ।

(16.1) देवानामपिय पियदस्सी किसे कहा गया है और उसे ऐसा क्यों कहा जाता था ? **2**

(16.2) भारतीय इतिहास में कलिंग का युद्ध एक युगांतकारी घटना किस प्रकार थी ? स्पष्ट कीजिए । **3**

(16.3) देवानामपिय ने पश्चाताप में क्या किया ? **2**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

The anguish of the King

When the king Devanampiya Piyadassi had been ruling for eight years, the (country of the) Kalingas (present-day coastal Orissa) was conquered by (him). One hundred and fifty thousand men were deported, a hundred thousand were killed, and many more died. After that, now that (the country of) the Kalingas has been taken, Devanampiya (is devoted) to an intense study of Dhamma, to the love of Dhamma, and to instructing (the people) in Dhamma. This is the repentance of Devanampiya on account of his conquest of the (country of the) Kalingas. For this is considered very painful and deplorable by Devanampiya that, while one is conquering an unconquered (country) slaughter, death and deportation of people (take place) there …

(16.1) Who is referred as Devanampiya Piyadassi and why was he called so ? **2**

(16.2) The Kalinga War was one of the landmark events in Indian history. Explain. **3**

(16.3) What did Devanampiya do in repentance ? **2**

खण्ड – ङ

PART – E

मानचित्र प्रश्न

Map Question **2 +3 = 5**

17. (17.1) भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपुयक्त चिह्नों से दर्शाइये तथा उनके नाम लिखिए :

(a) राखीगढ़ी, विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(b) आगरा, 1585 में मुगलों का राजधानी शहर **1 × 2 = 2**

(17.2) भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के तीन महत्त्वपूर्ण केन्द्र A, B और C अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर लिखिए । **1 × 3 = 3**

(17.1) On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

(a) Rakhigarhi, the mature Harappa site

(b) Agra, the imperial capital of Mughal in 1585

(17.2) On the same outline map of India, three places related to the Indian National Movement have been marked as A, B and C. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर हैं :

(17.1) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण स्थानों का उल्लेख कीजिए ।

(17.2) मुगल साम्राज्य के किसी एक राजधानी शहर का उल्लेख कीजिए ।

(17.3) किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का नाम लिखिए । **3 + 1 + 1 = 5**

Note : The following questions are for the **visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. **17**.

(17.1) Mention any three places related with Indian National Movement.

(17.2) Name any one capital city of Mughal Empire.

(17.3) Name any one mature Harappa sites.

Question 17.2